उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:-84/2023/767/छप्पन-2023-48/2014
लखनऊ,दिनांक: 18 अगस्त, 2023

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-45/2020/1253/छप्पन-2020-23/2017 दिनांक 31 जुलाई, 2020 के द्वारा कै0 प्रवीण किशोर को पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर रु0 6.00 लाख के नियत मासिक पारिश्रमिक एवं अनुमन्य उड़ान भत्ते तथा नियमानुसार अनुमन्य वार्षिक परिश्रमिक वृद्धि पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में कै0 प्रवीण किशोर द्वारा दिनांक 10 अगस्त, 2020 के पूर्वाह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया गया, जिसकी संविदा अवधि दिनांक 09 अगस्त, 2022 को समाप्त हो रही थी। कै0 प्रवीण किशोर द्वारा किए गए अनुरोध एवं निदेशक, नागरिक उड्डयन के पत्र संख्या-108/ना0उ0नि0/आप्स-पी0के0/2022 दिनांक 28 जून, 2022 द्वारा किए गए प्रस्ताव के अनुक्रम में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1091/छप्पन-2022-48/2014 दिनांक 08 अगस्त, 2022 के अन्तर्गत कै0 प्रवीण किशोर की संविदा सेवा अवधि पूर्व शर्तों एव प्रतिबन्धों के साथ अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए बढ़ाई गई है।

2- तदोपरान्त निदेशक, नागरिक उड्डयन के पत्र संख्या-69/ना0उ0नि0/आप्स-पी0के0/2023 दिनांक 31 मई, 2023 द्वारा उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08 अगस्त, 2022 को यथासंशोधित करते हुए कै0 प्रवीण किशोर की संविदा अवधि को 02 वर्ष के स्थान पर 05 वर्ष के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव किया गया है।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा किए गए उक्त प्रस्ताव दिनांक 31 मई, 2023 पर सम्यक विचारोपरान्त निदेशालय की परिचालन इकाई में पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर कार्यरत कै0 प्रवीण किशोर की संविदा सेवा अवधि को बढ़ाए जाने से सम्बन्धित उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08 अगस्त, 2022 को संशोधित करते हुए पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ उनकी संविदा सेवा अवधि को दिनांक 10 अगस्त, 2022 से आगामी 05 वर्ष (अर्थात 09 अगस्त, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- कै0 प्रवीण किशोर की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

5- कै0 प्रवीण किशोर से संविदा पर नियुक्ति/सेवा विस्तार के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक प्रति निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्याः 84/2023/767(1)/छप्पन-2023-48/2014 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कै0 प्रवीण किशोर, पायलट (फिक्स्ड विंग) से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराके उसकी एक प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. कै0 प्रवीण किशोर, पायलट (फिक्स्ड विंग), नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।